दैनिक भास्कर

16-09-2022

करियर व कम्युनिकेशन स्किल्स की जानकारी दी

अम्बाला | कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मेधा संगठन के सहयोग से करियर अवेयरनेस विषय पर वर्कशॉप करवाई गई। जिसमें कॉमर्स और मैनेजमेंट के करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वर्कशॉप में मेधा संगठन से अभिषेक वर्मा मुख्य वक्ता रहे। अभिषेक वर्मा ने विद्यार्थियों को 21वीं सदी में करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। कम्युनिकेशन स्किल्स व प्रेजेंटेशन स्किल्स पर भी विस्तार से चर्चा की। वर्कशॉप की संयोजिका डॉ. भारती विज ने बताया कि ऐसी वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर अवसरों के बारे में अवगत कराना है। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन, अस्मिता गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र कुंडू, डॉ. सुमन रंगा, डॉ. रवनीत कौर व डॉ. अमिंता मौजूद रहे।